देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 117 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**चीन पर दबाव बढ़ाना चाहिए



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 6 अगस्त 2021



मौसम अधिकतम $29.0^0$ न्यूनतम $24.0^0$ | 42243.40 | **2** बांग्लादेश में मिली विष्णु की प्रतिमा | **7** 10 सेकंड में फिसला ब्रॉन्ज मेडल

# 370 फिर मंदिर निर्माण अब हॉकी में मेडल

## पीएम मोदी ने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों से बात की, 5 अगस्त को बताया खास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के भूमि पूजन की पहली वर्षगांठ के मौके पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिए लाभार्थियों को राशन बांटा गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से बात की। पीएम मोदी ने कहा कि 5 अगस्त का दिन बहुत खास हो गया है। इसी दिन दो साल जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया, पिछले साल राम मंदिर भूमि पूजन हुआ और आज ओलिंपिक में भारतीय हॉकी ने 41 साल बाद मेडल जीता।

पीएम मोदी ने हॉकी के बहाने विपक्ष पर भी निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ में सेल्फ गोल करने में जुटे हैं। पीएम मोदी ने लाभार्थियों से बातचीत में कहा, आज की ये 5 अगस्त की तारीख बहुत विशेष बन गई है। ये 5 अगस्त ही है, जब 2 साल पहले आर्टिकल–370 को हटाकर जम्मू कश्मीर के हर नागरिक को हर अधिकार, हर सुविधा का पूरा भागीदार बनाया गया था।

**यूपी को हमेशा राजनीतिक चश्मे से देखा गया:** पीएम मोदी ने कहा, नया भारत, पद नहीं पदक जीतकर दुनिया में छा रहा है। नए भारत में आगे बढ़ने का मार्ग परिवार नहीं, बल्कि परिश्रम से तय होगा। बीते दशकों में उत्तर प्रदेश को हमेशा राजनीति के चश्मे से देखा गया था। यूपी देश के विकास में भी अग्रिम भूमिका निभा सकता है, इसकी चर्चा तक ही नहीं होने दी गई। पीएम मोदी ने आगे कहा, डबल इंजन की सरकार ने यूपी के सामर्थ्य को एक संकुचित नजरिए से देखने का तरीका बदल डाला है।

यूपी भारत के ग्रोथ इंजन का पावर हाउस बन सकता है, ये आत्मविश्वास बीते सालों में पैदा हुआ है। पीएम ने सीएम योगी को कर्म योगी बताते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से बदल रहा है विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिए लाभार्थियों को राशन बांटा गया

**दिवाली तक गरीबों को मुफ्त राशन**

यूपी की तारीफ करते हुए पीएम मोदी बोले, यूपी पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां 5 करोड़ लगों को वैक्सीन लगा दी गई है। मेड इन इंडिया वैक्सीन को लेकर कई भ्रांतियां फैलाई गईं लेकिन लोगों ने इस झूठ को दरकिनार कर टीका लगवाया। पीएम मोदी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि दिवाली तक गरीबों को मुफ्त राशन बांटा जाएगा।



### आज हॉकी ने अपने गौरव को फिर स्थापित किया

पीएम मोदी ने आगे कहा, यही 5 अगस्त है जब भव्य राम मंदिर के निर्माण की तरफ पहला कदम रखा गया। आज अयोध्या में तेजी से राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा, आज 5 अगस्त की तारीख, फिर एक बार हम सभी के लिए, उत्साह और उमंग लेकर आई है। ओलिंपिक के मैदान पर देश के युवाओं ने हॉकी के अपने गौरव को फिर स्थापित करने की तरफ बड़ी छलांग लगाई है। विपक्ष पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा, श्एक तरफ हमारा देश, हमारे युवा भारत के लिए नई सिद्धियां प्राप्त कर रहे हैं, जीत का गोल कर रहे हैं तो वहीं देश में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो राजनीतिक स्वार्थ में सेल्फ गोल करने में जुटे हैं। देश क्या चाहता है, देश क्या हासिल कर रहा है, देश कैसे बदल रहा है इससे इनको कोई सरोकार नहीं।

### कठिन परिस्थितियों में भी अभूतपूर्व उपलब्धियां

पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना संक्रमण की कठिन परिस्थितियों में भी देश ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। कोरोना टीकाकरण के मामले में भारत 50 करोड़ टीके लगाने की दहलीज पर खड़ा है। जुलाई में जीएसटी संग्रह 1.16 लाख करोड़ रुपये हुआ है जो बताता है कि अर्थव्यवस्था गति पकड़ रही है। कृषि निर्यात में भारत पहली बार दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल हुआ है। देश का पहला मेक इन इंडिया विमान वाहक पोत विक्रांत समुद्र में अपना ट्रायल शुरू कर चुका है। हर चुनौती को चुनौती देते हुए लद्दाख में सबसे ऊंची मोटरेबल रोड का निर्माण हुआ है। डिजिटल इंडिया को नई ऊंचाइयां देने वाला ई रुपी लांच किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कई राज्यों में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारी बारिश की तगड़ी मार झेल रहे मध्य्य प्रदेश को पांच दिनों तक कोई बड़ी राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी में यह भी कहा गया है कि पूर्वोत्ध्तर राज्यों में नौ अगस्ध्त तक कहीं–कहीं मूसलाधार के साथ व्यापक बारिश होने की संभावना है। इसमें 10 अगस्त से और इजाफा होने की संभावना है। यही नहीं अगले पांच दिनों के दौरान उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में व्यापक वर्षा होने की संभावना है।

### जासूसी के आरोप सही हैं तो बहुत गंभीर मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पेगासस जासूसी कांड पर सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। पेगासस जासूसी मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच कर रही है। इस मामले मं विभिन्न लोगों और लोगों ने कई याचिकाएं दायर की है।

# स्वरोजगार से आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त होगा

## प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र से खुलेंगे समृद्धि के द्वार

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वरोजगार से ही आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य पूरा हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में प्रदेश के विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा करते हुए तय लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को बैकों से लोन लेने में कोई समस्या न हो, इसके लिए सभी बैंकर्स के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जाए। लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए और उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सभी जनपदों में स्वरोजगार के लिए कैम्प लगाये जाए। इसके लिए प्रत्येक जनपद में मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया जाय।



रोजगार कैंप में जिला स्तरीय अधिकारी एवं बैंक के अधिकारी केन्द्र एवं राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे और मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपना कर राज्य की प्रगति में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। हमारे युवाओं में कौशल और प्रतिभा की कमी नहीं है। हमारे स्टार्ट–अप उद्योग की सफलता हमारे युवाओं के उत्साह को दिखाती है। स्वरोजगार से जुड़ने वाले लोगों के लिए मार्केट उपलब्ध करवाने पर भी फोकस करना होगा। उत्पादों की उच्च गुणवत्ता पर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

विस्तृत खबर पेज 8 पर...

# सरकार चर्चा को तैयार लेकिन विपक्ष नहीं गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद में लगातार चल रहे गतिरोध पर भाजपा ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान साफ कर दिया है कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष इसको लेकर न तो तैयार है और न ही गंभीर है। उन्होंने विपक्षी नेता द्वारा सरकार के मंत्री के हाथों से पेपर छीनकर फाड़ने और उसको हवा में उछालने की भी कड़ी आलोचना की है। उनका कहना था कि पेगासस पर जब मंत्री अपनी बात सदन में रख रहे थे तभी इन लोगों ने उस पेपर को फाड़ दिया। इन लोगों में कोई गंभीरता नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा के पास भी कांग्रेस पार्टी से पूछने के लिए कई तीखे सवाल हैं जिनका जवाब सदन के जरिए उन्हें चाहिए।

रविशंकर प्रसाद ने इस दौरान कांग्रेस पर सवाल भी दागा और पूछा कि क्या कांग्रेस और विपक्ष वास्तव में संसद में चर्चा चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि जिस पेगासस के मुद्दे पर विपक्ष हो–हल्ला मचा रहा है और चर्चा की मांग कर रहा है, क्या उन्होंने इसका आज तक कोई सबूत भी दिया है कि इनका फोन टेप हुआ या नहीं। उन्होंने कहा कि विपक्ष कोविड–19 को लेकर भी गंभीर नहीं है। जब–जब पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बारे में बैठक बुलाई उसमें कांग्रेस कभी शामिल नहीं हुई। उसकी इस मुद्दे पर इतनी ही गंभीरता है। रविशंकर ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 के बाद से करीब 50 साल शासन किया है। लेकिन अब जबकि वो सत्ता से बाहर है तो उसका व्यवहार बिल्कुल अलग है।

भाजपा नेता ने कहा है कि सदन को लेकर कांग्रेस का एक सीधा नियम है। जब तक परिवार का हित रहेगा तब तक वो संसद को चलने देगी और जब ऐसा नहीं होगा तो वो संसद नहीं चलने देगी।

### आरोप

■हमें भी पूछने हैं कांग्रेस से कुछ तीखे सवाल: भाजपा

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# डेल्टा वैरिएंट की चपेट में दुनिया के 135 देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। कोरोनावायरस का सबसे अधिक संक्रामक वैरिएंट डेल्टा इस समय दुनिया भर के 135 देशों में मौजूद है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसकी जानकारी दी और जल्द ही वैश्विक संक्रमण में बढ़त को लेकर आशंका जाहिर की। डब्ल्यूएचओ ने 3 अगस्त को साप्ताहिक रिलीज में कहा कि 132 देशों में बीटा वैरिएंट और 81 देशों में गामा वैरिएंट के मामले मिले हैं। वहीं 182 देशों में अल्फा वैरिएंट के मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि 135 देशों में सबसे अधिक संक्रामक डेल्टा वैरिएंट है। इस वैरिएंट से संक्रमण का पहला मामला भारत में मिला था।

डब्ल्यूएचओं की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में आ रहे नए मामलों का ट्रेंड बढ़त दिखा रहा है। पिछले सप्ताह 26 जुलाई से 1 अगस्त के बीच 40 लाख से अधिक नए मामले दर्ज किए गए थे। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार संक्रमण का वैश्विक आंकड़ा अभी 200,152,057 है और मौतों की संख्या 4,255,443 है। वहीं दुनिया भर में अब तक 4,265,574,682 वैक्सीन की खुराकें मिल चुकी हैं।

### वैश्विक संक्रमण का आंकड़ा 20 करोड़ के पार